प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:20बजे

हवाई–परिचालन

भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद नागर विमान परिचालन के लिए अस्थायी रूप से बंद किए गए 32 हवाई अड्डों को अब तत्काल प्रभाव से खोल दिया गया है। इससे पहले इन 32 हवाई अड्डों को इस महीने की 15 तारीख तक नागर विमान परिचालन के लिए बंद रखा गया था। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने एक बयान में यात्रियों को सलाह दी है कि वे सीधे एयरलाइनों से उड़ान की स्थिति की जांच करें और नियमित अपडेट के लिए एयरलाइनों की वेबसाइट पर नज़र रखें।

---------------------------------------

डीजीएमओ ब्रीफिंग

भारतीय सेना के सैन्य संचालन महानिदेशक–डी.जी.एम.ओ और पाकिस्तान के डी.जी.एम.ओ. के बीच आज शाम फिर बातचीत होगी। इस दौरान संघर्ष विराम को लंबे समय तक बनाए रखने के तौर–तरीकों पर चर्चा की जाएगी। भारत के डी.जी.एम.आे. लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने बताया कि शनिवार को पाकिस्तान के डी.जी.एम.ओ ने फोन पर बातचीत में संघर्ष विराम का प्रस्ताव रखा था, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों की ओर से सीमा पार से गोलीबारी और हवाई घुसपैठ बंद हो गई। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने इस बात पर निराशा व्यक्त की कि पाकिस्तानी सेना ने केवल कुछ घंटे में सीमा पार और नियंत्रण रेखा के पार गोलीबारी और फिर ड्रोन घुसपैठ करके इस सहमति का उल्लंघन किया।

---------------------------------------

एनडीएमए–एडवाइजरी

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने किसी भी अज्ञात विस्फोटक सामग्री से दूर रहने का परामर्श जारी किया है क्योंकि यह खतरनाक और जानलेवा हो सकती है। प्राधिकरण ने किसी भी अज्ञात सामग्री की सूचना तुरंत स्थानीय प्रशासन को देने की सलाह दी है।

---

<u>अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस</u>

आज अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस है। यह दिवस आधुनिक नर्सिंग की जनक फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय नर्स परिषद हर वर्ष इस महत्वपूर्ण दिवस को मनाता है। इस वर्ष का विषय है– हमारी नर्से, हमारा भविष्य––नर्सों की देखभाल अर्थव्यवस्था का सशक्तिकरण।

---

<u>एच.आर.टी.सी.</u>

भारत पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव और सीमावर्ती क्षेत्रों में वर्तमान हालातों को देखते हुए हिमाचल पथ परिवहन निगम के जम्मू, कटरा और पठानकोट जैसे रूटों पर रात्रि बस सेवाएं फिलहाल बंद रहेंगी। रात्रि बसों के संचालन को लेकर लगातार समीक्षा की जा रही है और यात्रियों की सुरक्षा को प्रमुखता दी जा रही है। हिमाचल पथ परिवहन निगम की माने तो अमृतसर, कटड़ा, जम्मू और पठानकोट रूटों की लगातार समीक्षा की जा रही है। इसके अतिरिक्त पंजाब के अन्य क्षेत्रों के लिए दिल्ली, चंडीगढ़ और धार्मिक स्थलों के लिए बसों के रूट समायोजित किए गए हैं। एच.आर.टी.सी के प्रबंध निदेशक निपुण जिंदल ने बताया कि जैसे ही हालात सामान्य होते हैं तो समीक्षा कर जम्मू, कटड़ा, पठानकोट और अमृतसर के लिए रात्रि बस सेवाओं के संबंध में उचित निर्णय लिया जायेगा।

---

<u>मनाली एक्सपो</u>

प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कुल्लू ज़िले के देवलोक में पहली बार आयोजित 3 दिवसीय मनाली एक्सपो आयोजन किया गया। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय, राज्य सरकार और सी.एस.सी के सहयोग से आयोजित इस एक्सपो कार्यक्रम में देश के 35 बड़े ब्रांड भी शामिल हुए। उपायुक्त कुल्लू तोरूल एस. रवीश ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यटन को बढ़ावा देना है।

*ये एक अच्छा इनिशियेटिव है जहां सभी कोलेबोरेटरस को जो कि पहले इंडस्ट्री के साथ या हॉस्पेटिलिटी इंडस्ट्री के साथ जुड़ते हैं उनको यहां इक्ट्ठे एक प्लेटफॉर्म पर लाया गया है। फोकस ऑन ग्रीन एनर्जी और सस्टेनेबल मॉडल रहा है। बहुत सारे हमने सोलर पेनलस देखे, बहुत सारे ट्रेडिशनल प्रोडक्टस के आर्टिफैक्स के स्टॉल भी हमने देखे तो क्लीयरली एक*

*अच्छा बेलेंस लिया गया है। मार्डन फैसीलिटी प्रोवाइड करने के साथ–साथ ट्रेडिशनल चीजों पर महत्व देने के लिए।*

---------------------------------------

<u>बुद्ध पूर्णिमा</u>

विश्वभर में आज बुद्ध पूर्णिमा धार्मिक हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। ये न केवल गौतम बुद्ध का जन्म दिवस है, बल्कि ऐसा दिन भी है जब महात्मा बुद्ध ने बोधगया में महाबोधि वृक्ष के नीचे निर्वाण प्राप्त किया था। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू व उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुद्ध पूर्णिमा की देशवासियों को शुभकामनाएं दी है।

---------------------------------------